Title: Need to start a superfast train between Bilaspur and Indore Raipur-Durg-Nagpur.

डा. चरणदास महंत (जांजगीर) : सभापति महोदय, नवसृजित छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर बनने के बाद एक सुपरफास्ट ट्रेन इंदौर के लिए वाया रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया, नागपुर अति आवश्यक हो गई है । बिलासपुर-इंदौर वाया कटनी एक फास्ट पैसेंजर तो हैं लेकिन बिलासपुर-इंदौर वाया नागपुर के मध्य कोई सुपरफास्ट ट्रेन नहीं है । वर्तमान में महानदी एक्सप्रैस 8225/8226 जो बिलासपुर से भोपाल वाया नागपुर सप्ताह में तीन दिन चल रही है । इसमें लगभग 80 प्रतिशत इंदौर के लोग होते हैं । यदि इसी ट्रेन को बिलासपुर से इंदौर वाया नागपुर प्रतिदिन चलाया जाए तो इससे समस्त छत्तीसगढ़ वासी लाभान्वित होंगे तथा इन्हें इंदौर के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध हो जायेगी । उक्त गाड़ी मात्र तीन अतिरिक्त बोगी लगाकर अथवा एक रैक जो दुर्ग में अनावश्यक रुप से खड़ा रहता है तथा जो कभी-कभी सारनाथ एक्सप्रैस को सही समय पर चलाने के लिए काम आता है, उक्त रैक से ही महानदी एक्सप्रैस बिलासपुर से इंदौर के लिए प्रतिदिन चलाई जा सकती है । बिलासपुर-इंदौर वाया नागपुर महानदी एक्सप्रैस को बिलासपुर से संध्या 4 बजे छूटकर दूसरे दिन सुबह 11 बजे इंदौर पहुंचाया जा सकता है तथा इन्दौर से वही ट्रेन 3.00 बजे दोपहर छूटकर दूसरे दिन सुबह 10 बजे बिलासपुर पहुंच सकती है ।

आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि नवसृजित राज्य छत्तीसगढ़ की जनता को इस सुविधा से लाभान्वित किया जाए ।